छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

डाक– 11 सितंबर, बुधवार, 2019

वर्ष–22 अंक–104 | बिलासपुर मंगलवार 10 सितंबर 2019 | पृष्ठ–8 मूल्य–1 रुपया | ❑ बिलासपुर ❑ रायपुर ❑ जगदलपुर से प्रकाशित

एक्टर से नेता बनीं उर्मिला मातोंडकर ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। अभिनेता से नेता बने उर्मिला मातोंडकर ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की टिकट पर उत्तरी मुंबई लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था ।उन्होंने कहा है कि मेरी राजनीतिक और सामाजिक संवेदनाएं मुंबई कांग्रेस में बड़े लक्ष्य पर काम करने की बजाय क्षुद्र अंदरूनी राजनीति से लड़ने के लिए पार्टी में निहित स्वार्थों की अनुमति देने से इनकार करती हैं।

वडोदरा में रिकॉर्ड 92 मिमी बारिशए अगले 24 घंटे में बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। वडोदरा में रिकॉर्ड 92 मिलिमीटर की बारिश दर्ज कई गई। वहीं अगले 24 घंटों में वडोदरा में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज होने की संभावना है। बीते 24 घंटे में सोमवार सुबह 8रू30 बजे से वडोदरा में 92 मिमी बारिशए जबकि सूरत में 69 मिमी बारिश हुई। स्काईमेट के अनुसारए भावनगर में 115 मिमी बारिश और पोरबंदर में 90 मिमी वडोदरा बारिश दर्ज की गई। अहमदाबाद और सूरत में अधिक बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

ब्रेकिंग न्यूज

बदल जाएंगे खाता नंबर और कस्टमर आईडी

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। दस बैंकों के विलय के बाद ग्राहकों के खाता नंबर और इंटरनेट कस्टमर आईडी में बदलाव हो जाएगा। इस संबंध में बैंक जल्द अपने ग्राहकों को नोटिस भेजने का सिलसिला शुरू करेंगे। सबसे पहले ग्राहकों को केवाईसी और मोबाइल नंबर अपडेट करना होगा। बैंकों के विलय के बाद ग्राहकों को एक नया खाता नंबर और कस्टमर आईडी मिलेगा। मूल बैंक के खाताधारकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा लेकिन विलय वाले बैंकों के खाताधारकों को सावधानी बरतनी पड़ेगी। विलय की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में बैंक ईमेल एड्रेस और मोबाइल नंबर अपडेट करने का संदेश सभी को भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

नेशनल कन्फेडरेशन आफ बैंक इम्पलाइड फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी ने बताया कि ग्राहकों की चेकबुक भी बदलेगी। मौजूदा चेकबुक हालांकि कुछ समय के लिए मान्य रहेगी, लेकिन अंतत? उन्हें उस बैंक के चेकबुक से बदलना पड़ता है, जिस बैंक में विलय हुआ है। मूल बैक के ग्राहकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जिन ग्राहकों को नए एकाउंट नंबर या आईएफएससी कोड अलॉट किए जाएंगे, उन्हें इन सभी डिटेल्स को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, इंश्योरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड और नेशनल पेंशन सिस्टम पर अपडेट कराना होगा। ग्राहकों को अपनी ईसीएस में बदलाव करना होगा। ऑटो डेबिट या सिस्टेमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान के लिए नया एसआईपी रजिस्ट्रेशन और इंस्ट्रक्शन फॉर्म भरना पड़ सकता है। ऐसा ही लोन की ईएमआई के लिए भी करना होगा।

अब फिंगरप्रिंट के जरिए डाक बैंक से भी निकाल सकेंगे पैसा

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने आधार युक्त भुगतान प्रणाली (एईपीएस) आधारित सेवाएं शुरू करने की घोषणा की। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बेंक के पूर्ण परिचालन के एक साल पूरा होने के पर आयोजित कार्यक्रम में संचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने ये घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने आईपीपीबी से अगले एक साल में पांच करोड़ ग्राहक बनाने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। इससे ग्राहकों को सुविधा मिलेगी क्योंकि आईपीपीबी से अब किसी भी बैंक के ग्राहक पैसा निकालने के साथ बैलेंस की जानकारी ले सकेंगे। हालांकि इस सुविधा के लिए ग्राहकों का बैंक खाता आधार कार्ड से जुड़ा होना अनिवार्य है। इसके तहत ग्राहकों को केवल अपने बायोमेट्रिक निशान से लेन-देन की अनुमति देनी होगी।

कानपुर में दुकानदार की धारदार हथियार से गर्दन रेतकर हत्या

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। कन्नौज जनपद की सीमा से सटे गांगूपुर रेलवे स्टेशन की सामने एक चाय व समोसे बेचने वाले दुकानदार राकेश उर्फ नवीन पाण्डेय (45) की गर्दन रेतकर हत्या कर दी गई। वह अपनी दुकान में ही सो रहा था। सुबह आसपास के लोग पहुंचे तो विस्तर पर ही शव देखा। कन्नौज के दाईपुर ग्राम निवासी राकेश ने गांगूपुर स्टेशन केपास चाय पान की दुकान कर रखी थी। अपने गांव काम ही आना जाना था। दुकान में ही वह सो जाता था। रात में अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से वार कर गर्दन अलग कर दी। जानकारी पर उसके परिवार के लोग भी पहुंच गए। मौके पर पहुंचे कानपुर एसपी (ग्रामीण) प्रदुम्न सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में विवाद की बात सामने आ रही है। बताया गया कि दो दिन पहले एक व्यक्ति ने धमकी दी थी। परिवार के लोग उसी व्यक्ति पर संदेह जता रहे हैं।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, पी. चिदंबरम कह रहे हैं कि किसी अधिकारी ने कोई गलत नहीं किया उनकी गिरफ्तारी न की जाए।

चुहिया- हां जी, उनको मालूम है अधिकारी गलती नहीं करते हैं उनसे करवाया जाता है...।

चंद्रयान-2 का लैंडर विक्रम चांद की सतह पर सलामत



इसरो का ताजा बयान

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर से संपर्क स्थापित करने को लेकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) लगातार प्रयासरत है। इसरो लगातार चंद्रयान-2 के मिशन को लेकर अपडेट उपलब्ध करा रहा है। लेटेस्ट अपडेट में इसरो ने कहा कि विक्रम लैंडर के लोकेशन का चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर द्वारा पता लगा लिया गया है, मगर अब तक उससे संपर्क नहीं साधा जा सका है। विक्रम लैंडर से कम्यूनिकेशन स्थापित करने को लेकर सभी प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि चंद्रयान-2 का लैंडर विक्रम चांद की सतह पर सलामत और साबुत अवस्था में है और यह टूटा नहीं है। हालांकि, हार्ड लैंडिंग की वजह से यह झुक गया है तथा इससे पुन: संपर्क स्थापित करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है।

चंद्रयान-2 और कश्मीर को लेकर चिंतित पाकिस्तान को पीओके के मानवाधिकार कार्यकर्ता ने लताड़ा

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। चंद्रयान-2 को लेकर सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया इसरो का लोहा मान रही है। भारत की बड़ी कामयाबी को लेकर पाकिस्तान से भी कुछ लोग इसरो की तारीफ कर रहे हैं। इस बीच लंदन बेस्ड पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर के मानवाधिकार कार्यकर्ता आरिफ अजाकिया ने भी भारत की तारीफ की और पाकिस्तान को लताड़ लगाई है। लंदन स्थित पीओके के मानवाधिकार कार्यकर्ता आरिफ अजाकिया ने कहा कि चंद्रयान -2 भारत का ऐतिहासिक मिशन है। नासा भी कह रहा है कि वे सराहना करते हैं कि भारत ने यह यात्रा की। वे कह रहे हैं कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। कोशिश करने वाले ही असफल हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मगर फवाद चौधरी, शेख राशिद आप क्या कर रहे हैं?

मशीन में फंसने से मजदूर की मौत

उरला स्थित अविनाश इस्पात में हादसा

हाईवे चैनल

रायपुर, 10 सितंबर। उरला में स्थित अविनाश इस्पात फैक्ट्री में आज एक हादसा सामने आया है। जिसमें एक मजदूर शिवम कुशवाह (25 साल) की मौत मशीन में फंसने से हो गई। मृतक मध्यप्रदेश के सीधी जिले के जेठौरा गाँव का रहने वाला था. वर्तमान में वह न्यू राजेन्द्र नगर उरला में रह रहा था. घटना के बाद गुस्साए परिजन समेत साथी मजदूर हंगामा कर रहे थे। मौके पर उरला पुलिस भी पहुंची हुई थी बताया जा रहा है कि मजदूर फैक्ट्री की बेल्ट वाली मशीन खराब थी. उसे सुधार रहा था तभी उसके गले में लटका गमछा मशीन में चला गया. शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

बता दें कि इससे पहले भी उरला क्षेत्र में स्थित कई फैक्ट्रियों में हादसे हो चुके है। जिसमें प्रबंधन की लारपवाही साफतौर पर नजर आती है। पुराने मशीनों के उपयोग की वजह से मजदूरों को जानमाल का खतरा बना रहता है। साथ ही फैक्ट्रियों में सही रूप से सुरक्षा के इंतजाम नहीं होते है। जिनके कारण मजदूरों को अपने जान से हाथ धोना पड़ता है। पिछले दिनों उरला स्थित वेंकटेश्वर फैक्ट्री में भी एक हादसा घटा था जिसमें तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए थे। वहीं दो मजदूरों की मौत हो चुकी है जबकि एक अन्य गंभीर है। घटना के वक्त प्रबंधन के द्वारा मामले को निपटाने के लिए इलाज सहित सभी प्रकार के मुआवजे दिए जाने की बात कही जाती है। किंतु जैसे ही मामला फैक्ट्री के बाहर पहुंचता है वे अपनी बातों से मुकरने लगते है। वेंकटेश्वर फैक्ट्री में हुए हादसे के बाद परिजन मुआवजे के लिए भटक रहे है। वहीं आज हुए हादसे के बाद मजदूरों के साथ-साथ आसपास ग्रामीणों व परिजनों में आक्रोश का माहौल देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में लोग फैक्ट्री के बाहर एकत्रित हो गए और जमकर नारेबाजी की। साथ ही फैक्ट्री के अंदर जाने की मांग को लेकर डटे रहे।

मोदी ने क्रॉस-बॉर्डर पेट्रोलियम पाइपलाइन का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मोतिहारी और अमलेखगंज (नेपाल) के बीच पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का उद्घाटन किया। उन्होंने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए इस पाइपलाइन का उद्घाटन किया है। इस दौरान उन्होंने कहा, %यह काफी संतोष की बात है कि दक्षिण एशिया का पहला क्रॉस-बॉर्डर पेट्रोलियम पाइपलाइन का काम रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया। यह अपने अपेक्षित समय से आधे में ही तैयार हो गया है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, इसका श्रेय आपके नेतृत्व, नेपाल सरकार के समर्थन और हमारे संयुक्त प्रयासों को जाता है। 2015 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद जब नेपाल ने पुनर्निर्माण का बीड़ा उठाया तो भारत ने पड़ोसी और करीबी दोस्त के रूप में सहयोग के लिए उसकी तरफ अपना हाथ बढ़ाया था। मुझे खुशी है कि हमारे संयुक्त सहयोग के कारण नेपाल के गोरखा और नुवाकोट जिलों में फिर से घर बनाए गए हैं।

कालर वाली बात से आ रही साजिश की धमक : कवासी

वीडियो तोड़ मरोड़ कर किया गया पेश

हाईवे चैनल

रायपुर, 10 सितंबर। मंत्री से मिलिए कार्यक्रम में शामिल होने आज उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा कांग्रेस भवन पहुंचे हुए थे। जहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए विभिन्न जानकारियां सामने रखी। पिछले दिनों मंत्री की एक वीडियो वारयल हुई थी जिसको लेकर काफी चर्चाओं का बाजार गरम था। वहीं उक्त वीडियो को लेकर मंत्री का कहना था कि इसमें साजिश की बू आ रही है उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। वे काफी गरीब परिवार से नाते रखते है उनका प्रयास है कि बस्तर जो पिछड़ा हुआ है उसे आगे लाया जाए। जिसके चलते वे जब भी बस्तर दौरे पर रहते है कि विभिन्न स्कूल व हास्टलों में पहुंचते है। क्योंकि उनको एक पीड़ा हमेशा रहती है कि वे कभी स्कूली नहीं गए। उनका प्रयास रहता है कि क्षेत्र के बच्चे अच्छे से पढ़ लिख सके और कुछ बन सके। जब वे स्कूलों में पहुंचते है तो बच्चों से बात करते है और उनसे पूछते है कि आगे चलकर क्या बनना चाहोगे जिसमें ज्यादातर बच्चे शिक्षक, पुलिस व पटवारी बनने की बात कहते है। कुछ बच्चे नेता बनने की भी ख्वाइश जताते है। पिछले दिनों एक बच्चे ने उनसे नेता कैसे बनने की बात पूछी जिस पर उन्होंने कहा कि विभिन्न जमीनी स्तर लड़ाई के साथ-साथ जनता से होने वाले अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने से उन्हें एक पहचान मिली जिससे राजनीति में उनका कद लगातार बढ़ता रहा और जनता के समस्याओं को लेकर वे हमेशा आगे रहे।

वहीं श्री लखमा का कहना था कि उनके द्वारा बच्चों से कही गई बात को तोड़ मरोड़कर वीडियों में प्रस्तुत किया गया है। जिससे उन्हें बदनाम करने की साजिश की गई है। यह पहली बार नहीं है इससे पहले भी उनके ऊपर कई आरोप लगाए गए है। लेकिन साजिशकर्ता हमेशा नाकाम रहे है। उन्होंने उद्योग नीति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 15 सालों में सिर्फ पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बिल्डिंगे बनाई गई। उद्योगों को कभी भी बढ़ावा नहीं दिया गया। नई सरकार उद्योगों को लेकर लगातार प्रयास कर रहे है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री व्यापारियों के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे जहां उन्होंने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न घोषणाएं भी की। सुकमा में उद्योग नगर के साथ-साथ मुंगेली, लौंडीगुडा में फूड प्रोसेसिंग प्लांट को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। राज्य सरकार के द्वारा उद्योगों के बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार भर्तियां चल रही है। शिक्षक, पटवारी, पुलिस में विभिन्न पदों पर भर्तियां होनी है। सरकार ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने के प्रयास में लगी हुई है। दंतेवाड़ा चुनाव को लेकर उनका कहना था कि दंतेवाड़ा चुनाव में पदाधिकारियों से लेकर एक-एक कार्यकर्ता प्रभारी है। मै उनमें से एक हूं। अंतागढ़ टेपकांड मामले में कहा कि बीजेपी कानून तोड़ने वाली पार्टी है। अंतागढ़ का सच सबके सामने आ गया है और बीजेपी की असिलियत भी सामने आ गई है। कांग्रेस पार्टी गांधी के रास्ते पर चलने वाली पार्टी है। युवाओं को रोजगारवान बनाने के लिए राजीव गांधी के नाम से एक योजना की शुरुआत की जा रही है। जिसमें उन्हें विभिन्न प्रकार के रोजगार संबंधित प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

बस टकराई पेड़ से, 12 यात्री घायल

ग्राम गागरा के पास हुआ हादसा

धमतरी 10 सितम्बर (हाईवे चैनल)। तेज रफ्तार बस ने एक बार यात्रियों पर कहर ढाया। जिससे कई यात्री घायल हो गये। आज सुबह लगभग 5 बजकर 45 मिनट पर मनीष ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 07 ई 2050 जो कि बैलाडीला से दुर्ग जा रही थी, तभी रायपुर रोड पर ग्राम गागरा के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और सड़क किनारे पेड से जा टकराई। पेड़ से टकराने के पश्चात बस एक तरफा झुक गया। इस दुर्घटना का कारण बस की रफ्तार को माना जा रहा है। दुर्घटना के पश्चात चीखपुकार शुरु हो गई। आनन फानन में यात्रियों ने खुद व दूसरों को बचाते हुए बस से बाहर निकले। इस दुर्घटना में 12 यात्री घायलों हो गये।

जिन्हें संजीवनी 108 के तहत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को सामान्य चोटे आई है। किसी भी यात्री को गंभीर चोटे नहीं होने की सूचना मिल रही है। दुर्घटना के पश्चात पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों की मदद में जुट गई है।

रायपुर देशभर में आज मोहर्रम पर ताजिया का जुलूस निकाला गया है। देर रात तक देश में अमन चैन की दुआ लिए ताजिया विसर्जित की जाएगी

इमरान खान की पार्टी के नेता ने भारत से मांगी शरण, परिवार सहित पंजाब पहुंचे

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार किसी से छिपा नहीं है। चाहे फिर बात सिंध की करें या फिर बलूचिस्तान की, ये सच्चाई दुनिया का हर देश अच्छे से जानता है। अब इन्हीं अत्याचारों से परेशान पूर्व विधायक बलदेव कुमार ने भी भारत से शरण मांगी है। हैरानी की बात तो ये है कि बलदेव खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता हैं। वह खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बारीकोट आरक्षित सीट से विधायक भी रह चुके हैं।

ऑनलाइन सेक्स रैकेट गिरोह का भंडाफोड़ ट्रेन और बसों में करते थे लड़कियों को ट्रैप

नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)। ऑनलाइन सेक्स रैकेट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ बिहार के पाटलिपुत्र थाने की पुलिस ने किया है। नेहरूनगर के ग्रैंड अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर डी-8 में चल रहे सेक्स रैकेट की संचालिका रानी थापा, उसके पति सुजीत कुमार, ग्राहक सुनील कुमार को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही फ्लैट पर जिस्मफरोशी के धंधे के लिए लायी गयी एक युवती को पुलिस ने मुक्त कराया।

थानेदार कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि यह पता लगाया जा रहा है कि यह फ्लैट किसका है। सेक्स रैकेट के अड्डे पर हाई प्रोफाइल लोगों के कदम भी पड़ते थे। गूगल के माध्यम से रैकेट का सरगना सुजीत यहां ग्राहकों को लाता था। उसने इंटरनेट पर अपना नंबर दे रखा था, जिस पर ग्राहक उसे कॉल करते थे। खाते में रुपये डलवाने के बाद वह ग्राहकों को अपार्टमेंट तक बुलवाता था। सेक्स रैकेट माफिया लड़कियों की सुंदरता व कद-काठी के आधार पर ग्राहकों से रुपये वसूलता था। पांच से लेकर 20 हजार रुपये तक लिये जाते थे। जिन ग्राहकों को माफिया पहले से जानता था, उन्हें कॉल गर्ल को बाहर भी ले जाने की इजाजत थी। इसके लिए अतिरिक्त रुपये वसूले जाते थे। तफ्तीश में यह बात सामने आयी है कि रैकेट के माफिया की पत्नी ट्रेन व बसों में लड़कियों को नौकरी लगवाने का झांसा देकर जिस्मफरोशी के अड्डे तक ले आती थी। मुक्त कराई गई लड़की ने बताया कि उसकी मुलाकात रानी थापा से ट्रेन में हुई थी। वह झूठ बोलकर उसे यहां तक ले आयी। माफिया सुजीत कुमार के मोबाइल में कई कॉल गर्ल और ग्राहकों के नंबर पुलिस को मिले हैं। उसमें कॉल गर्ल की तस्वीर भी है। पुलिस की मानें तो वाट्स एप पर किया गया चैट यह प्रमाणित करता है कि सुजीत जिस्मफरोशी का धंधा कई दिनों से चला रहा था। सेक्स रैकेट माफिया वाट्स एप पर कॉल गर्ल की तस्वीर ग्राहकों को भेजा करता था। जिस नंबर से वह तस्वीरों को भेजता था, उसी को उसने इंटरनेट पर भी डाल रखा था। तस्वीर भेजने और ग्राहक की हरी झंडी मिलने के बाद ही आगे की जानकारी उन्हें दी जाती थी।